# बाल गंगा प्रहरियों के लिए गंगा जैवविविधता कैलेंडर
















गंगा के किनारे स्थित घाटों में तथा स्कूलों में महत्वपूर्ण दिवसों के आयोजन हेतु

# गंगा कैलेंडर



| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 12 | राष्ट्रीय युवा दिवस | स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य युवाओं को अपने व्यक्तित्व के विकास तथा भविष्य में उनके कैरियर से सम्बंधित विषयों के प्रति जागरुक करना है। |
| | 13–15 | गंगा सागर मेला (तिथि हिंदू कैलेंडर के हिसाब से बदल जाती है) | पश्चिम बंगाल का एक महत्वपूर्ण मेला है। गंगा अपने उद्गम से निकल कर प्रयाग में अपने सम्पूर्ण विस्तार के साथ आगे बढ़ते हुए बंगाल की खाड़ी तक अपना लम्बा सफर तय करती है। भारत के विभिन्न भागों से लोग इस दिन यहां एकत्रित होते हैं तथा पवित्र गंगा में डुबकी लगाते हैं। |
| फरवरी | 2 | विश्व आद्र भूमि दिवस | 2 फरवरी 1971 को विश्व के विभिन्न देशों ने ईरान के रामसर में विश्व की आद्र भूमि के संरक्षण के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किये, इसी लिए पर्यावरण के लिए महत्व पूर्ण आद्र भूमि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ये दिवस मनाया जाता है। |
| | 11 | विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं तथा युवतियों की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस | इस दिवस को यूनाइटेड नेशन की जनरल ऐसेम्बली ने महिलाओं तथा युवतियों की विज्ञान के क्षेत्र में बराबरी और सम्पूर्ण पहुंच बनाने तथा भूमिका को बढ़ावा देने के रूप में मनाने का फैसला किया। |
| | 28 | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 28 फरवरी 1928 को सी.वी रमन ने विज्ञान के क्षेत्र में रमन प्रभाव की खोज की जिसके लिए उन्हें 1930 में विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरुस्कार से सम्मानित किया गया । |
| मार्च | 1–7 | अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस | प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में योग विज्ञान स्वास्थ्य और समृद्धि का परिचायक रहा है। ऋशिकेष में गंगा के तट पर अवस्थित परमार्थनिकेतन आश्रम से इसकी शुरूआत की गई। |
| | 3 | विश्व वन्यजीव दिवस | इस दिवस को वैश्विक रूप से वन्य जीव एवं पौधों के संरक्षण देने एवं जागरूकता को फैलाने के रूप में मनाया जाता है। |
| | 8 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन 1917 में रूस की महिलाओं ने रोटी व कपड़े के लिए हड़ताल पर जाने का फैसला किया था फरवरी 1917 को यह दिवस 8 मार्च ही था उस समय विश्व के अधिकांश भागों में महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था। इसके मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बराबरी व वोट देने का अधिकार दिलाना था। |
| | 14 | अंतर्राष्ट्रीय नदी कार्यवाही दिवस | इस दिन सम्पूर्ण विश्व के लोग नदियों के संरक्षण सम्बंधी मुद्दों को लेकर एक मंच पर एकत्रित हुए। |
| | 18 | विश्व पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग दिवस) | पुर्नचक्रण (रिसाइकलिंग) के प्रति लोगों को जागरूक करना, जिससे कि लोग, जो हम कचरा उत्सर्जित करते हैं उससे पृथ्वी को होने वाले नुकसान की भयावाहता से परिचित हों, और वे कचरे का पुर्नचक्रण करके उसे दोबारा इस्तेमाल करके अपने संसाधनों को सुरक्षित रख सकें। |
| | 20 | विश्व गौरैया दिवस | विश्व गौरेया दिवस गौरैया को विलुप्त होने से बचाने के तथा शहरी जैवविविधता में गौरेया के योगदान को स्मरण दिलाने के फलस्वरूप मनाया जाता है। |









| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| | | अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस | अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्ता दिवस सम्पूर्ण विश्व को प्रसन्न रहने तथा प्रसन्नता के महत्व को समझने का संदेश देता है। |
| | 21 | अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस/ विश्व वानिकी दिवस | विश्व वन दिवस और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पूरी दुनिया में लोगों तथा समुदाय को वनों के महत्व तथा वनों का पृथ्वी के जीवनचक्र के संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। |
| | | विश्व पौधारोपण दिवस | विश्व वनीकरण दिवस बच्चों को प्रकृति से जोड़ने तथा उन्हें प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित करने के फलस्वरूप मनाया जाता है। |
| | | विश्व काष्ठ दिवस | विश्व काष्ठ दिवस युवा पीढ़ी को काष्ठ, वन तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी तथा आदर की भावना के प्रति प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। |
| | 22 | विश्व जल दिवस | विश्व जल दिवस ताजे पानी के महत्व व ताजे पानी के स्त्रोतों के स्थाई प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। |
| | 24 | अर्थ आवर दिवस (मार्च का आखिरी शनिवार) | अर्थ आवर दिवस को सम्पूर्ण विश्व में व्यक्तिगत, समुदाय, औद्योगिक घरानों तथा घरेलु स्तर पर लोगों द्वारा अपनी लाइटें बंद करके पर्यावरण में होने वाले बदलाव तथा सम्पूर्ण पृथ्वी के कल्याण के लिए सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। |
| अप्रैल | 7 | विश्व स्वास्थ्य दिवस | वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए काम कर रही सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा अस्वास्थ्यकारी आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। |
| | 18 | विश्व धरोहर दिवस | विश्व की धरोहरों के संरक्षण के लिए 1972 में एक अंतर्राष्ट्रीय संधि लागू की गई। यूनेस्को में 18 अप्रैल 1983 को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और इनकी रक्षा हेतु लोगों के मध्य जागरूकता पैदा करने के लिए 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। |
| | 21 | विश्व मछली प्रवासन दिवस | विश्व मछली प्रवासन दिवस नदियों की निरंतरता तथा प्राकृतिक बहाव बनाये रखने एवं इनमें जो मछलियां किसी भी कारण प्रवास हेतु आती है लोगों में उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वैष्विक स्तर पर मनाया जाता है |
| | 22 | पृथ्वी दिवस | हमारी पृथ्वी जिसकी अपनी विशेषतायें हैं, की जैवविविधता को समझने तथा हम, प्रकृति का, जानवरो का तथा पर्यावरण का संरक्षण किस प्रकार कर सकते हैं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। |
| | 24 | राष्ट्रीय पंचायती दिवस | देश के ग्रामीण क्षेत्रों मे विकास हेतु ग्राम पंचायतों को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय पंचायती दिवस मनाया जाता है। |
| | 28 | विश्व कार्यस्थल सुरक्षा दिवस कार्य क्षेत्र में सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं | विश्व कार्यस्थल व सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष 28 अप्रैल को अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा मनाया जाता है। इसका उद्देष्य व्यवसायिक क्षेत्र में सुरक्षा तथा स्वास्थ्य की ओर घ्यान आकर्शित करना है। |








| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| | | विश्व पशुचिकित्सा दिवस | विश्व पशुचिकित्सा संघ के द्वारा वर्ष 2000 से विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाने का फैसला किया गया। जिसके अंतर्गत पशुओं की चिकित्सा के प्रति आम लोगों को जागरूक करना है जिससे कि पशुपालन के क्षेत्र मे स्वस्थ पशुपालन को बढ़ावा दिया जा सके। |
| | 29 | अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस | अंतर्राष्ट्रीय डांस थियेटर इंस्टीट्यूट (आई.टी.आई) यूनैस्को की डांस कमेटी ने 29 अप्रैल 1982 को अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने को निर्णय लिया । इसका उद्देश्य जनसाधारण के बीच नृत्य की महत्ता का अलख जगाना था साथ ही लोगों का ध्यान विश्व स्तर पर इस ओर आकर्शित कर जागरूकता फैलाना था। |
| मई | 11 | राष्ट्रीय तकनीकि दिवस | 11 मई 1998 को पोखरन में शक्ति का परमाणु परीक्षण किया गया था। इस दिन को याद रखने के लिए, इस दिवस को विज्ञान एवं तकनीकि का हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में महत्व एवं विद्यार्थियों में विज्ञान को अपने कैरियर में शामिल करने हेतु बढावा देने के लिए, 11 मई को तकनीकि दिवस के रूप में मनाया जाता है। |
| | 11 | विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (मई के द्वितीय शनिवार को) | प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं उनके प्रजनन क्षेत्रों को बचाने के लिए विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया जाता है। |
| | 17 | लुप्तप्रायः प्रजाति दिवस (मई के तीसरे शुक्रवार को) | लुप्तप्राय: प्रजातियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं प्रतिदिन कोई ऐसा कार्य करने जिससे कि उन्हें बचाया जा सके, के उपलक्ष्य में ये दिवस मनाया जाता है। |
| | 22 | अंतराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस | एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना जो जैवविविधता में समृद्ध, टिकाऊ, एवं आर्थिक गतिविधियों हेतु अवसर प्रदान कर सके। इसका उद्देश्य विशेष तौर पर वनों की सुरक्षा, संस्कृति, जीवन के कला शिल्प, संगीत, वस्त्र, भोजन, औषधीय पौधों के महत्व को प्रदर्शित करके जैवविविधता के महत्व और उसके न होने पर होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। |
| | 23 | विश्व कछुआ दिवस | विश्व कछुआ दिवस पानी मे एवं जमीन में रहने वाले कछुओं तथा जो कछुओं की प्रजाति विलुप्त हो रही हैं उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। |
| जून | 5 | विश्व पर्यावरण दिवस | विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनैतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। |
| | 17 | विश्व मगरमच्छ दिवस | ये दिवस मगर एवं घड़ियाल प्रजाति के जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए तथा पूरे विश्व में लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व मगरमच्छ दिवस के रूप में मनाया जाता है। |

| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| | | विश्व मरूस्थली रोकथाम दिवस | विश्व मरूस्थली रोकथाम दिवस (डब्ल्यू.डी.सी.डी) वर्श 1995 से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। |
| जुलाई | 11 | विश्व जनसंख्या दिवस | विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने के पीछे हर सेकेंड बढ़ रही आबादी के मुद्दे की ओर लोगों को ध्यान खींचना है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यु.एन.डी.पी) की अधिशासी परिषद द्वारा पहली बार 1987 में तब हुई जब आबादी का आंकड़ा करीब पांच अरब के आसपास पहुंच गया था। |
| | 28 | विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस | विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के प्राकृतिक वातावरण से विलुप्त हो रहे जीव–जन्तुओं तथा पेड़–पौधों का संरक्षण करना है। |
| अगस्त | 1 | अर्थ ओवर शूट डे | साल में जिस दिन, मानव द्वारा इकोलॉजिकल संसाधनों और सेवाओं के उपभोग की सीमा, पृथ्वी द्वारा उस वर्ष उत्पादित संसाधनों और सेवाओं की सीमा को पार कर जाती है, उसे उस साल का ओवरशूट डे कहते हैं। अर्थात पृथ्वी 1 वर्ष में जितने संसाधनों को उत्पन्न करती हैं उससे अधिक उपभोग एक निर्धारित दिनांक से पहले मानव द्वारा कर लिया जाये तो वो ओवरशूट कहलाता है। |
| | 9 | विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राश्ट्रीय दिवस | मानव अधिकार, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में स्वदेषी लोगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को हल करने के लिए तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 9 अगस्त को विश्व के स्वदेशी लोगों द्वारा दुनिया भर में मनाया जाता है। |
| | 12 | अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस | अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन एवं सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करना है। अंतराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का उद्देश्य है कि सरकार युवाओं के मुद्दों और उनकी बातों की ओर ध्यान आकर्शित करे। |
| | 19 | विश्व फोटोग्राफी दिवस | 19 अगस्त को पूरी दुनिया में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। ये दिन उन फोटोग्राफरों को समर्पित होता है जिन्होंने अनमोल पलों को तस्वीरों में कैद कर उन्हें यादगार बना दिया। |
| | | विश्व मानवतावादी दिवस | विश्व मानवतावादी दिवस पर उन लोगों को याद किया जाता है जिन्होंने मानवीय उद्देश्यों एवं दूसरों की सहायता के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। इस दिवस को विश्व में मानवीय कार्यों को प्रोत्साहन दिए जाने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। |
| सितम्बर | 5 | राष्ट्रीय शिक्षक दिवस | भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो कि भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, और महान दार्शनिक थे, के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। |
| | 16 | विश्व ओजोन दिवस | ओजोन परत को सुरक्षित रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस 23 जनवरी 1995 को यूनाइटेड नेशन की आम सभा में पूरे विश्व में ओजोन परत को सुरक्षित रखने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए 16 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उस समय लक्ष्य रखा गया कि पूरे विश्व में 2010 तक ओजोन फ्रैंडली वातावरण बनाया जाए। |
| | 18 | विश्व जल निगरानी दिवस | वर्ष 2003 में अमेरिका के स्वच्छ पानी संगठन द्वारा एक वैश्विक शैक्षिक आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत 18 सितम्बर को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय जल निगरानी दिवस के रूप में स्थापित किया गया। इस का उद्देश्य पूरे विश्व में पानी के स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के प्रति जनजागरूकता फैलाने, तथा नागरिकों को स्थानीय जल निकायों की प्राथमिक निगरानी के लिए सशक्त किये जाने का लक्ष्य बनाया गया है। |
| | 21 | विश्व सफाई दिवस | विश्व सफाई दिवस एक वैष्विक सामाजिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य वैश्विक ठोस अपशिष्ट समस्या का मुकाबला करना है, जिसमें समुद्री मलबे की समस्या भी शामिल है। |
| | 26 | विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस | विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष इंटरनैशनल फैडरेशन ऑफ इन्वायरनमेंटल हैल्थ द्वारा पर्यावरण स्वास्थ्य के विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। |

| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| | 27 | विश्व पर्यटन दिवस | विश्व पर्यटन दिवस का उद्देष्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच पर्यटन के साथ जुड़े उसके सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा राजनैतिक महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। |
| | 29 | विश्व नदी दिवस (सितम्बर का अंतिम शनिवार) | संयुक्त राष्ट्र संघ ने जल संसाधनों विशेष तौर पर नदियों के संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2005 में इसकी शुरुआत की। इसमें राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संस्थायें अपनी तरह के योगदान प्रदान करती हैं। यह अवसर लोगों को नदियों का आनंद उठाने का मौका प्रदान करता है तथा यह समारोह नदियों तथा झरनों को संरक्षित रखने के प्रति जागरुकता को भी बढ़ावा देता है। |
| अक्टुबर | 1–8 | विश्व पर्यावास दिवस (अक्टुबर के प्रथम सोमवार) | विश्व पर्यावास दिवस का उद्देश्य हमारे शहरों एवं कस्बों की स्थिति का पता करना तथा आश्रय हेतु पर्याप्त मानव अधिकार की आवश्यकता की पूर्ति सुनिशचित करना है। |
| | 2–8 | वन्यजीव सप्ताह | नैशनल वाइल्डलाइफ फैडरेशन द्वारा 1938 से मनाया जा रहा है। यह वाइल्डलाइफ शिक्षा का सबसे लम्बा कार्यक्रम होता है। इसका उद्देश्य समुदायों परिवारों को प्रकृति से जोड़ना, संरक्षण की भावना पैदा करना, वन्यजीव व पर्यावरण के प्रति जीवन पर्यंत जागरूकता के लिए प्रेरित करना है। |
| | 3 | विश्व प्रकृति दिवस | प्रकृति को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता जगाने हेतु 3 अक्टुबर को विश्व प्रकृति दिवस मनाया जाता है। |
| | 4 | विश्व पशु दिवस | 4 अक्टुबर को सैंट फ्रांसिस जो कि एक पशु प्रेमी और संरक्षक थे, के सम्मान में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जानवरों तथा पशु अधिकारों के उल्लंघन आदि, जैसे क्रूरता जैसे विभिन्न मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना है। |
| | | विश्व पशु कल्याण दिवस | विश्व पशु कल्याण दिवस का मूल उद्देश्य पशु कल्याण मानकों में सुधार करना तथा व्यक्तियों, समूह और संगठनों का समर्थन प्राप्त करना, जानवरो के प्रति प्यार प्रकट करना है, ताकि उनका जीवन सक्षम और बेहतर हो सके। |
| | 5 | गंगा नदी डॉल्फिन दिवस | गंगा नदी में पाई जाने वालाी डॉल्फिन जिसे भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है, की संख्या अपने प्राकृतिक आवासों का ह्वास तथा अवैध शिकार के कारण कम होती जा रही है, इस दिवस को मनाने का उद्देश्य इनके संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। |
| | | ऊर्जा क्षमता दिवस | ऊर्जा क्षमता दिवस को मनाने का उद्देश्य "ऊर्जा बचाओ पैसा बचाओ" है। |
| | | विश्व शिक्षक दिवस | विश्व शिक्षक दिवस को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के नाम से भी जाना जाता है। जो कि पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सहयोग को बढ़ावा देने, और भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षकों के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देष्य से इस विशिष्ट दिन की शुरूआत की गई। |
| | 13 | अंतर्राश्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस | यह दिवस आपदा रहित समाज का निर्माण करने, नागरिकों तथा सरकार को प्रोत्साहित कर आपदा के जोखिमों को कम कर सुरक्षित समुदाय बनाने के लिए मनाया जाता है। |
| | 15 | विश्व विद्यार्थी दिवस | सन 1910 में संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्येक वर्ष 15 अक्टुबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के दिन मनाने की घोषणा की। यह फैसला उनके द्वारा विज्ञान एवं तकनीकि क्षेत्र में योगदान को देखते हुए लिया गया। |
| | 24 | सस्टेनेब्लिटी डे | हमारी राष्ट्रीय स्वास्थ्या सेवाओं मे सतत् विकास की महत्व पूर्ण भूमिका को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। |
| | 24 | अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस | जलवायु परिवर्तन की सत्यता के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जलवायु संरक्षण के लिए सबकी अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए मनाया जाता है। |
| नवम्बर | 1 | विश्व पारिस्थतिकी दिवस | इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य जीवित प्राणियों तथा पर्यावरण के महत्व को लोगों को बताना तथा लोगों को अपने तथा पर्यावरण के सामंजस्यपूर्ण सम्बंध के विषय में जागरूक करना है। |

| महिना | दिनांक | दिवस | महत्व |
|---|---|---|---|
| | 14 | बाल दिवस | भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है। जवाहर लाल नेहरु बच्चों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय थे उन्होंने बाल अधिकार तथा स्कूली शिक्षा को बढावा दिया और बच्चों के बीच चाचा नेहरु के नाम से जाने जाते थे। |
| | 20 | विश्व बाल दिवस | यूनाइटेड नेशन हर साल 20 नवम्बर को विश्व बाल दिवस के तौर पर मनाता है। 20 नवम्बर 1994 को यह फैसला किया गया कि हर साल इस दिन को बच्चों के विकास, स्वास्थ्य, षिक्षा और मूलभूत अधिकारों के लिए समर्पित किया जायेगा। |
| | 21 | विश्व मत्स्य पालन दिवस | विश्व मछुआरा लोक समुदाय द्वारा 21 नवम्बर 2014 को विश्व मत्स्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन को पर्याप्त मछली उत्पादन सुनिश्चित करने और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए मनाया जाता है। |
| | 24–28 | भारतीय नदी सप्ताह | भारत की प्रमुख नदियों तथा उनकी सहायक नदियों के महत्व, संरक्षण तथा बचाव के लिए शिक्षा एवं अनुसंधानों के द्वारा उनकी पैरवी करने के लिए जनजागरुकता जगाने हेतु ये दिवस मनाया जाता है। |
| दिसंबर | 2 | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस | 2 दिसंबर 1984 को हुई भोपाल गैस त्रासदी को याद करने के रुप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को उद्योगों से उत्पन्न प्रदूषण से पर्यावरण तथा स्वास्थ्य को होने वाले खतरों के प्रति जागरुक करना है। |
| | 5 | विश्व मृदा दिवस | अंतराष्ट्रीय मृदा विज्ञान यूनियन (आई.यू.एस.एस) ने सन 2002 में स्वस्थ मृदा तथा मृदा का एक सतत् एवं टिकाउ प्रबंधन किस प्रकार हो, पूरे विश्व का ध्यान इस ओर आकर्शित करने के लिए इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया। |
| | 10 | विश्व मानवाधिकार दिवस | 1948 को यूनाइटेड नेशन की जनरल एसेम्ब्ली के अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा वैष्विक स्तर पर मानवाधिकार के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मानवाधिकार दिवस मनाने का फैसला किया गया। |
| | 11 | अंतर्राष्ट्रीय मांउटेन दिवस | इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान पर्वत श्रृंखलाओं का हमारे जीवन में भोजन तथा पानी की उपलब्धता करवाने के योगदान की ओर आकर्शित करना है। |
| | 14 | विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस | इस दिवस को मनाने का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के महत्व के प्रति लोगो के मध्य अधिक से अधिक जागरुकता फैलाना है। |
| | 23 | किसान दिवस | किसान दिवस भारत के पांचवें राष्ट्रपति चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य के रुप में मनाया जाता है। वो एक किसान नेता थे तथा उन्होंनें भारत के किसानों के जीवन के लिए अनेक नीतियां निर्धारित करवायीं। |















## संपर्क विवरण:


**परियोजना समन्वयक**
डॉ० रुचि बडोला (ruchi@wii.gov.in)
डॉ० एस. ए. हुसैन (hussain@wii.gov.in)

**प्रशिक्षण समन्वयक और टीम**
डा० संगीता अंगोम (sangeeta@wii.gov.in)
मिस मोनिका महरालु (monika14@wii.gov.in)

**हिन्दी अनुवाद**
डा० संध्या जोशी



भारतीय वन्यजीव संस्थान
Wildlife Institute of India

**NMCG**
National Mission for Clean Ganga, Ministry of Jal Shakti, DoWR, RD & GR Government of India

**GACMC**
Ganga Aqualife Conservation Monitoring Centre

**Wildlife Institute of India**
Chandrabani, Dehradun-248001 Uttarakhand

www.wii.gov.in/national_mission_for_clean_ganga


XPRESSIONS 9219552563 | Doc. No. XPS020819035